आज का मौसम

अधिकतम न्यूनतम 36° C
30° C
सूर्य उदय (अस्त) 7:23
5:27

# जीत समाचार

दैनिक समाचार पत्र

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

शनिवार
4 जुलाई 2026

वर्ष : 13 | अंक : 286 | मूल्य : 2 रू | पृष्ठ : 8 | RNI NO : PUNHIN/2013/60106 | www.zeetsamachar.com


**अनमोल वचन**

"अगर धन दूसरों की भलाई करने में काम आए, तो इसका कुछ मूल्य है अन्यथा ये सिर्फ बुराई का एक ढेर है और इससे जल्दी छुटकारा मिल जाए, उतना बेहतर है।"

## संक्षिप्त न्यूज

### यूआईडीएआई ने आधार ऐप के जरिए आधार में मुफ्त ईमेल अपडेट की सुविधा शुरू की

नई दिल्ली। यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने आधार ऐप के जरिए आधार में मुफ्त ईमेल अपडेट की सुविधा शुरू की है। यह सुविधा एक जुलाई से छह महीने की अवधि के लिए लागू है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया कि आधार ऐप पर नई सुविधा शुरू होने के दो दिनों के भीतर ही 2 दशमलव 5 लाख से ज़्यादा लोगों ने अपना ईमेल पता अपडेट कर लिया है।

मंत्रालय ने कहा कि आधार को ईमेल से जोड़ने पर, जब भी आधार ऑथेंटिकेशन (प्रमाणीकरण) की कोई रिक्वेस्ट पूरी होती है, तो रियल-टाइम ईमेल नोटिफिकेशन मिलता है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि इस पहल से पारदर्शिता बढ़ती है और सुरक्षा का एक अतिरिक्त स्तर मिलता है, क्योंकि इससे आधार नंबर रखने वाले लोग यह जान पाते हैं कि उनके आधार का इस्तेमाल किस काम के लिए हो रहा है। अब तक, 40 लाख से ज़्यादा लोगों ने नए आधार ऐप का इस्तेमाल करके अपने मोबाइल नंबर अपडेट किए हैं। साथ ही, लगभग 10 लाख लोगों ने अपना पता अपडेट करने के लिए इस ऐप का इस्तेमाल किया है।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोलकाता में विधायी कार्य से संबंधित कार्यक्रम का किया उद्घाटन

कोलकाता(एजेंसी)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार कोकोलकाता के न्यू टाउन कन्वेंशन सेंटर में पश्चिम बंगाल विधानसभा के नव निर्वाचित सदस्यों के लिए दो दिन के संसदीय और विधायी कार्य से संबंधित कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

श्री बिरला को उद्घाटन समारोह से पहले गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, विधानसभा में विपक्ष के नेता ऋतब्रत बनर्जी और विधानसभा अध्यक्ष रथिंद्र बोस उद्घाटन समारोह में उपस्थित थे।




उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1947 में बंगाल की तत्कालीन विधान परिषद में वर्तमान पश्चिम बंगाल को भारत में शामिल करने के प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि पिछली राज्य सरकार के दौरान लोकतांत्रिक व्यवस्था और विधायी प्रक्रियाएं पूरी तरह ध्वस्त हो गई थीं। आज बंगाल की जनता ने मतदान के माध्यम से स्थिति बदल दी। श्री अधिकारी ने कहा कि बंगाल को फिर समृद्ध बनाने के लिए विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने 'विकास भी और विरासत भी' के नारे का उल्लेख किया।

दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कई तकनीकी सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें 'प्रभावी विधायक कैसे बनें, सदस्यों के लिए रीति-रिवाज, परंपराएं और शिष्टाचार', 'विधानमंडल में प्रश्नों और अन्य प्रक्रियात्मक उपायों के माध्यम से कार्यपालिका की जवाबदेही' और 'राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन' शामिल हैं। कार्यक्रम कल पश्चिम बंगाल विधानसभा में समाप्त होगा, जिसमें पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर. एन. रवि समापन भाषण देंगे।

## दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 8 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया

नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के दक्षिणी जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 8 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत लगभग नौ करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस मामले में तीन नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी भारत-नेपाल सीमा से चरस लाकर दिल्ली में व्हाट्सऐप के जरिए ऑर्डर लेकर इसकी सप्लाई करते थे। भुगतान डिजिटल बैंकिंग माध्यमों से लिया जाता था। पहचान छिपाने के लिए आरोपी हर लेनदेन के बाद चैट और कॉल रिकॉर्ड हटा देते थे तथा डिलीवरी के लिए ऑटो-रिक्शा और बाइक टैक्सी का इस्तेमाल करते थे। पुलिस अब वित्तीय लेनदेन, इलेक्ट्रहनिक उपकरणों और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर पूरे नेटवर्क और सप्लाई चेन का पता लगाने में जुटी है।



## मिजोरम सरकार ने दृष्टिबाधित लोगों के लिए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के साथ एक समझौता ज्ञपन पर हस्ताक्षर किए

मिजोरम(एजेंसी)। मिजोरम सरकार ने दृष्टिबाधित लोगों के लिए शैक्षिक अवसरों को बेहतर बनाने के लिए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अंतर्गत राज्य में दृष्टिबाधित लोगों को सहायक तकनीक और शिक्षण संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।




यह समझौता सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास मंत्री लालरिनपुई की उपस्थिति में माइनको के एसएडी कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न हुआ।

सुश्री लालरिनपुई ने समझौते का स्वागत किया और इसे दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए समावेशी शिक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

सुश्री लालरिनपुई ने कहा कि मिजोरम में दृष्टिबाधित लोगों को न केवल शिक्षा बल्कि आजीविका सुरक्षित करने के लिए भी महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन बाधाओं को दूर करना साझा जिम्मेदारी है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कंट्री हेड और कार्यकारी उपाध्यक्ष विक्रम गुलाटी ने आशा व्यक्त की कि मिजोरम सरकार के साथ यह साझेदारी आधुनिक सहायक तकनीकों का प्रभावी उपयोग करके दृष्टिबाधित व्यक्तियों के जीवन में सार्थक बदलाव लाएगी।

कार्यक्रम में समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पाकिस्तान के शेरानी-झोब राजमार्ग पर बस हादसा, 40 लोगों की मौत



पाकिस्तान(एजेंसी)। पाकिस्तान के शेरानी-झोब राजमार्ग पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया जिसमें एक यात्री बस के गहरी खाई में गिरने से 40 लोगों की मौत हो गई है। घायलों को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। यह दुर्घटना बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा की सीमा के पास दानसर क्षेत्र में हुई। बचाव अभियान अभी जारी है।

## जापान कैबिनेट के जनसंपर्क अधिकारी ने भारतीय पारंपरिक अभिवादन नमस्ते के महत्व का किया उल्लेख



जापान(एजेंसी)। जापान कैबिनेट के जनसंपर्क अधिकारी ने शुक्रवार को भारतीय पारंपरिक अभिवादन नमस्ते के महत्व का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची ने भारत यात्रा के दौरान हाथ जोड़कर एक-दूसरे का अभिवादन किया।

सोशल मीडिया पोस्ट में जापान के अधिकारी ने बताया कि दोनों हथेलियों को जोड़कर किया जाने वाला यह अभिवादन अंजलि मुद्रा कहलाता है और यह सम्मान, विनम्रता तथा आदर का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दुनिया में नमस्ते का उपयोग अभिवादन, कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करने के लिए किया जाता है। यह लोगों में विनम्रता और सकारात्मकता की भावना को भी बढ़ावा देता है।

## वेनेजुएला में आए भीषण भूकंप में मृतकों की संख्या बढ़कर 2,595 हुई

वेनेजुएला(एजेंसी)। वेनेजुएला में हाल ही में आए भीषण भूकंप में मृतकों की संख्या बढ़कर 2 हजार 595 हो गई है। इस आपदा में 12 हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं, जबकि 189 इमारतें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। स्थिति को देखते हुए कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने देश में सात दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। पिछले सप्ताह राजधानी काराकस के उत्तर में 7.5 और 7.2 तीव्रता के दो शक्तिशाली भूकंप आए थे, जिनसे व्यापक तबाही हुई। अधिकारियों के अनुसार, हजारों लोग अब भी लापता हैं और राहत तथा बचाव कार्य लगातार जारी है।




## यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस के ड्रोन और मिसाइल हमलों में 38 लोग मारे गए

यूक्रेन(एजेंसी)। यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस के ड्रोन और मिसाइल हमलों में 27 लोग मारे गए और 90 लोग घायल हो गए। कीव में 30 स्थानों पर मुख्य रूप से आवासीय भवन और नागरिक सुविधाओं को नुकसान हुआ। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बुधवार रात को हुई यह घातक बमबारी यूक्रेन की ओर से रूस में नागरिक ठिकानों पर किए गए लंबी दूरी के हमलों के जवाब में थी। रूस पर किए जा रहे लगातार हमलों को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने 40 दिनों का ताबड़तोड़ हमला बताया है। इन हमलों में मुख्य रूप से तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया है। इसके कारण यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध शुरू होने के चार साल से अधिक समय बाद रूस में ईंधन संकट पैदा हो गया है।



## उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रियों को दी शुभकामनाएं

जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि अमरनाथ यात्रा सबसे प्राचीन तीर्थ यात्राओं में से एक है। ये देश की आध्यात्मिक विरासत और उसकी आस्था को रेखांकित करती है। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि सदियों से श्रद्धालु श्री अमरनाथ गुफा मंदिर की यात्रा करते आ रहे हैं और ये यात्रा राष्ट्र की एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक मूल्यों को दर्शाती है।



उपराष्ट्रपति ने कामना की कि भगवान शिव का आशीर्वाद श्रद्धालुओं को शक्ति, शांति और आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करेगा। उन्होंने तीर्थयात्रियों के लिए व्यापक प्रबंधों के लिए अधिकारियों, सुरक्षाकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों और स्वयंसेवकों के अथक प्रयासों की सराहना की।

## ईरानः सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में मोजतबा खामेनेई के शामिल न होने की आशंका

ईरान(एजेंसी)। ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई अपने पिता और पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में सुरक्षा कारणों से शामिल नहीं होंगे। भारत में ईरान के प्रतिनिधि अयातुल्ला हकीम इलाही ने बताया धमकियों और निगरानी जोखिमों के कारण मोजतबा खामेनेई का सार्वजनिक रूप से सामने आना सुरक्षित नहीं है। इससे पहले बुधवार को, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची ने अमरीका को कड़ी चेतावनी दी। श्री अरागची ने राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से इस्राएल को ईरान को धमकाने से रोकने का आग्रह किया। इस्राएल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा था कि ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई इस्राएल के निशाने पर हैं। श्री अरागची ने कहा कि ईरानी नेतृत्व के खिलाफ किसी भी धमकी का कड़ा जवाब दिया जाएगा।



ये बयान कतर की राजधानी दोहा में अमरीका और ईरान के वार्ताकारों के बीच बातचीत के बाद आए। दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए दोहा में 14-सूत्रीय बातचीत जारी है। ईरान में पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार का कार्यक्रम 4 से 9 जुलाई तक ईरान और इराक में होगा।

# जापान में आयोजित 'अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव' पर मुख्यमंत्री को दी गई प्रस्तुति

जीत समाचार हरियाणा(ब्यूरो)। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से शुक्रवार को संत कबीर कुटीर (मुख्यमंत्री आवास) पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने भेंट की।

इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान, स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने मुख्यमंत्री के समक्ष हाल ही में जापान में आयोजित हुए भव्य 'अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2026' की विस्तृत प्रस्तुति (प्रेजेंटेशन) प्रस्तुत की। स्वामी जी ने जापान में गीता के संदेश के प्रसार और वहां के प्रमुख राजनेताओं व विद्वानों के साथ हुए संवाद के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वामी जी का अभिनंदन किया और भारत की गौरवशाली संस्कृति व गीता के संदेश को विश्व पटल पर पहुंचाने के उनके प्रयासों की सराहना की।

# हरियाणा सुपर-100 मेधावी विद्यार्थियों की प्रतिभा को मिलेगी नई उड़ान

जीत समाचार हरियाणा। हरियाणा सरकार राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'सुपर-100' और 'बुनियाद' योजनाएं एक सशक्त माध्यम बनकर उभरी हैं।

इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने विद्यार्थियों के हित में महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि 'बुनियाद योजना' के तहत वर्तमान में चल रहे 103 केंद्रों में अब 25 नए केंद्र और जोड़े जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें। इसके अतिरिक्त, कुरुक्षेत्र स्थित 'सुपर-100 सेंटर' को आधुनिक बनाने के लिए सरकार द्वारा 100 नए कंप्यूटर उपलब्ध कराए जाएंगे।

इन प्रयासों का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों के बच्चों को प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए बेहतर और तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है, ताकि वे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पाकर प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

# समाधान शिविरों की शिकायतों का समयबद्ध व स्थायी समाधान सुनिश्चित करें- उपायुक्त सचिन गुप्ता

जीत समाचार हरियाणा/रोहतक(ब्यूरो)। जिला प्रशासन द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित निपटारे के लिए चलाए जा रहे 'समाधान शिविरों' को लेकर उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिविरों में प्राप्त सभी लंबित शिकायतों का शीघ्र, पारदर्शी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए।


**नागरिकों से संवाद और संतुष्टि पर जोर:** उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केवल फाइलों का निपटारा ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि संबंधित नागरिक से सीधा संवाद स्थापित करना भी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्रवाई के दौरान नागरिक को पूरी प्रक्रिया से अवगत कराएं ताकि उन्हें समाधान से पूर्ण संतुष्टि मिल सके और समस्या का स्थायी हल निकल सके।

**जानें कब और कहाँ लगाएं अपनी अर्जी :**




प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, प्रत्येक सोमवार एवं वीरवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक जिला एवं उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

**जनहित में अपील :** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के प्रभावी समाधान हेतु इन समाधान शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।



# 'विकसित हरियाणा-2047' के संकल्प को मजबूती: कृषि, बागवानी और पशुपालन विभाग की योजनाओं पर मंथन

जीत समाचार हरियाणा। हरियाणा को वर्ष 2047 तक एक अग्रणी और 'विकसित राज्य' बनाने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आज चंडीगढ़ में एक महत्वपूर्ण उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। 'हरियाणा विजन-2047' के एक्शन प्लान के अंतर्गत आयोजित इस बैठक में कृषि, बागवानी, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग की वर्तमान योजनाओं की गहन समीक्षा की गई और भविष्य के रोडमैप पर विस्तार से चर्चा हुई।

**किसान-केंद्रित और आधुनिक बनेगी खेती :** बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में कृषि क्षेत्र को और अधिक आधुनिक, टिकाऊ और किसान-केंद्रित बनाना है। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि कृषि केवल आय का जरिया नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। आगामी 5 वर्षों में किसानों को प्राकृतिक खेती, जीरो बजट खेती और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया जाएगा।

**प्राकृतिक खेती और तकनीक पर विशेष जोर :** राज्य सरकार ने किसानों को हर कदम पर सहयोग देने का संकल्प दोहराया है।




बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि।

**प्राकृतिक खेती को बढ़ावा :** मिट्टी की सेहत सुधारने और रसायनों के उपयोग को कम करने के लिए प्राकृतिक व जैविक खेती के प्रति किसानों को जागरूक किया जाएगा।

**आधुनिक तकनीक :** खेती की लागत को कम करने और उत्पादन बढ़ाने के लिए नई तकनीक और उन्नत कृषि उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

**सहायता के लिए प्रतिबद्ध :** सरकार नई तकनीक अपनाने से लेकर प्रशिक्षण देने और उपज के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराने तक किसानों के साथ खड़ी है।

**विकसित हरियाणा का विजन :** बैठक में यह भी चर्चा हुई कि कृषि के साथ-साथ बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन को और अधिक सुदृढ़ बनाकर किसानों की आय में कैसे वृद्धि की जाए। विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि पारंपरिक खेती से हटकर विविधीकरण अपनाना समय की मांग है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लक्ष्य केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि वे धरातल पर नजर आने चाहिए। सरकार की इन दूरगामी योजनाओं का उद्देश्य न केवल कृषि उत्पादकता बढ़ाना है, बल्कि प्रदेश के हर किसान के जीवन स्तर में खुशहाली लाना और 'विकसित हरियाणा' के सपने को साकार करना है।

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com शनिवार, 4 जुलाई 2026

# सम्पादकीय

संपादकीयः संपादक की कलम से

## मानसिक स्वास्थ्यः
## चुप्पी तोड़ने का समय आ गया है

शारीरिक बीमारी को हम तुरंत स्वीकार कर लेते हैं और डॉक्टर के पास भागते हैं, लेकिन मानसिक उलझनों को हम 'अंदरूनी कमजोरी' मानकर छिपाए रखते हैं। आधुनिक जीवन की प्रतिस्पर्धा और सामाजिक अपेक्षाओं ने तनाव, चिंता और अवसाद को एक महामारी की तरह फैला दिया है।

**विश्लेषणः** मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में आज भी एक शर्म की भावनामौजूद है। लोग मदद मांगने से डरते हैं क्योंकि उन्हें डर होता है कि समाज उन्हें 'कमजोर' या 'पागल' समझेगा। यह उपेक्षा अक्सर आत्महत्या या गंभीर मानसिक विकारों का कारण बनती है।स्वास्थ्य का अर्थ केवल बीमारी का न होना नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन भी है।

**निष्कर्ष :** हमें एक ऐसा समाज बनाना होगा जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात हो सके। स्कूलों, कॉलेजों और दफ्तरों में काउंसलर्स की उपलब्धता होनी चाहिए। मानसिक समस्या को भी सामान्य शारीरिक बीमारियों की तरह ही देखा जाना चाहिए, न कि चरित्र की कमजोरी के रूप में।

–कमल पवार




वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिए आप सम्पर्क कर सकते हैं.
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की

जय श्री गणेश
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
दिनांक : 4 जुलाई 2026, शनिवार

## आज का पंचांग

तिथि : तृतीया 11:23 नक्षत्र : श्रवण 11:47
करण : विष्टि 11:23 बव : 00:06
पक्ष : कृष्ण योग : विष्कुम्भ 04:59
सूर्योदय : 05:26 सूर्यास्त : 07:23
चन्द्रमा : मकर 00:49
राहुकाल : 10:40 — 12:25
विक्रमी संवतम् : 2083 शक सम्वत : 1948
मास अमांत : ज्येष्ठ मास पूर्णिमांत : आषाढ
शुभ मुहूर्त : अभीजित 11:57 — 12:52

## आज का राशिफल

**मेष राशि**
जो भी करें, दिल से करें। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। लोगों से प्रोत्साहन मिलेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे।

**वृषभ राशि**
कार्यस्थल पर जो लोग आप को पसंद नहीं करते थे, वे आप के कार्यो की तारीफ करेंगे।

**मिथुन राशि**
तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। बेहतर होगा कहीं घूमने चले जायें। आपके अपनों को आप की जरूरत है

**कर्क राशि**
अकारण किसी विवाद में फंस सकते हैं। मानसिकता को बदलने की बेहत जरूरत है।

**सिंह राशि**
नौकरी बदलने का मन बना चुके हैं। किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है। संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा।

**कन्या राशि**
दिन की शुरुआत में मन उदास रहेगा। किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी

**तुला राशि**
विवादित मामलों में विजय प्राप्त होगी। कुछ नया सीखने को मिलेगा।

**वृश्चिक राशि**
प्रतियोगिता में सफल होंगे। जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव हैं। अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें।

**धनु राशि**
नकारात्मक सोच से निराशा मिलेगी। स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे। मित्रों से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर राशि**
अपने प्रोफेशन से आप न खुश हैं, समय के साथ स्थिति आप के अनुकूल बनेगी। जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ायेगा।

**कुम्भ राशि**
जरूरतमंद लोगों की मदद करें। मांगलिक कार्यक्रमों की रूपरेखा बनेगी। राजनेतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

**मीन राशि**
घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे। मेहमानों का आगमान हो सकता है।

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देंगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की



# क्लीन पंजाब: पर्यावरण बचाने के लिए कपड़े के बैग इस्तेमाल करने की अपील

## स्कूल के स्टूडेंट्स ने सब्जी मंडी में 100 कपड़े के बैग बांटे

जीत समाचार बठिंडा। शुक्रवार को नेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे के मौके पर, स्वच्छ भारत मिशन टीम ने ''मिशन क्लीन पंजाब'' के तहत एक खास कैंपेन चलाया ताकि लोगों को सिंगल-यूज प्लास्टिक से फ्री समाज बनाने के लिए जागरूक किया जा सके। इस कैंपेन के तहत, स्कूल के स्टूडेंट्स ने सब्जी मंडी में कपड़े के बैग बांटे। इसी तरह, कम्युनिटी फैसिलिटेटर्स ने भी म्युनिसिपल कर्हपॅरेशन की कमिश्नर मैडम लवजीत कलसी और म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के स्टाफ को कपड़े के बैग बांटे।



इस कैंपेन के दौरान, लोकल लॉर्ड रामा स्कूल और पुलिस पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट्स के साथ मिलकर लोकल सब्जी मंडी में आम लोगों को कपड़े के बैग बांटे गए और प्लास्टिक के लिफाफों की जगह पर्यावरण के लिए अच्छी चीजें अपनाने का मैसेज दिया गया।

इन स्कूलों के स्टूडेंट्स ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोकल सब्जी मंडी में आए लोगों को कपड़े के बैग बांटे। स्टूडेंट्स ने प्लास्टिक के लिफाफों की जगह दोबारा इस्तेमाल होने वाले कपड़े के थैले अपनाने का मैसेज दिया और सभी से पर्यावरण बचाने में योगदान देने की अपील की।

इस दौरान, आईएलसी टीम और कम्युनिटी फैसिलिटेटर्स ने लोगों को सिंगल-यूज प्लास्टिक के बुरे असर के बारे में जागरूक किया और बताया कि कपड़े के थैलों का इस्तेमाल न सिर्फ पर्यावरण को प्रदूषण से बचाता है, बल्कि साफ और हरे-भरे पंजाब के सपने को पूरा करने में भी अहम भूमिका निभाता है।

सब्जी मंडी के दुकानदारों और खरीदारों ने इस पहल की तारीफ की और भविष्य में भी प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करने का भरोसा दिलाया।

इस मौके पर आईएलसी एक्सपर्ट मिसेज इंदरजीत कौर, कम्युनिटी फैसिलिटेटर मिस्टर दिलजीत सिंह, मिसेज वंशिता पुरी, लहर्ड रामा स्कूल के प्रिंसिपल मिस्टर सूरज सेतिया जी और पुलिस पब्लिक स्कूल के एनसीसी इंचार्ज सरदार दविंदर सिंह खास तौर पर मौजूद थे।

# खन्ना पुलिस का एक्शन मोड: बुलेट से पटाखे पूर्ण तौर पर होंगे बंद, 150 अवैध साइलेंसरों पर चला बुलडोजर

जीत समाचार खन्ना/लुधियाना।पुलिस जिला खन्ना में कानून का पालन सुनिश्चित करने, ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने और आम लोगों को शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया (आईपीएस) के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जनहित से खिलवाड़ करने वालों को अब किसी प्रकार की रियायत नहीं मिलेगी। बुलेट मोटरसाइकिलों में अवैध साइलेंसर लगाकर तेज आवाज में पटाखे फोड़ने वालों के खिलाफ चलाए गए इस अभियान के तहत जहां पूरे जिले में सैकड़ों चालान किए गए, वहीं करीब 150 अवैध साइलेंसर जब्त कर आज खन्ना के अमलोह चौक में लोगों के सामने बुलडोजर चलाकर नष्ट कर दिए गए। यह कार्रवाई केवल अवैध साइलेंसर नष्ट करने तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसके माध्यम से पुलिस ने पूरे समाज को स्पष्ट संदेश दिया कि कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौजूद



लोगों ने भी पुलिस की इस पहल की सराहना की।मीडिया से बातचीत करते हुए एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया ने बताया कि पिछले कुछ समय से पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बुलेट मोटरसाइकिलों पर अवैध साइलेंसर लगाकर तेज आवाज में पटाखे फोड़े जाते हैं, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर बाजारों में खरीदारी करने वाली महिलाओं, बुजुर्गों, हृदय रोगियों, छोटे बच्चों तथा स्कूल-कॉलेजों के आसपास यह हरकतें डर और असुविधा का कारण बन रही थीं।लोगों की सुरक्षा और शांति को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान पूरे जिले में सैकड़ों वाहनों के चालान किए गए तथा करीब 150 अवैध साइलेंसर जब्त किए गए। आज इन साइलेंसरों को सार्वजनिक रूप से नष्ट कर लोगों को यह संदेश दिया गया कि ऐसी हरकतें किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया ने स्पष्ट किया कि यह अभियान का केवल पहला चरण है। अगले चरण में उन वर्कशॉप, गैराज और मैकेनिकों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी, जो अवैध साइलेंसर लगाते हैं या वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन करते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ मुकदमे भी दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें तथा उन्हें अवैध साइलेंसर लगाकर पटाखे फोड़ने जैसी हरकतों से रोकें। यदि कोई नाबालिग इस प्रकार का उल्लंघन करता पाया गया तो कानून के अनुसार उसके अभिभावकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है।शहरवासियों ने भी खन्ना पुलिस के इस अभियान को समय की जरूरत बताते हुए कहा कि लंबे समय से अवैध साइलेंसरों की तेज आवाज से लोग परेशान थे। अब पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से न केवल कानून का डर पैदा होगा, बल्कि युवाओं में भी ट्रैफिक नियमों का पालन करने के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस मौके पर डीएसपी ट्रैफिक करमवीर सिंह तूर, ट्रैफिक इंचार्ज कुलजीत सिंह सहित ट्रैफिक पुलिस के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।खन्ना पुलिस की यह कार्रवाई स्पष्ट करती है कि एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया के नेतृत्व में जिले में कानून का उल्लंघन करने वालों के लिए किसी प्रकार की ढील नहीं है। आम लोगों की सुरक्षा, शांति और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। यह अभियान न केवल ट्रैफिक अनुशासन को मजबूत करेगा, बल्कि जनता का कानून के प्रति विश्वास भी और अधिक मजबूत करेगा।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

## पंजाब विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवान ने प्रो. बडूंगर के निधन पर दुख जताया

### -सेवा सिंह भट्टी की अंतिम अरदास के मौके पर राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक नेताओं ने श्रद्धांजलि दी



जीत समाचार पटियाला। पूर्व पुलिस अधिकारी सेवा सिंह भट्टी की अंतिम अरदास आज गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब मॉडल टाउन में हुई। इस मौके पर हेड ग्रंथी भाई प्रणाम सिंह ने अरदास की।श्रद्धांजलि देने के बाद, पूर्व प्रेसिडेंट प्रो. किरपाल सिंह बडूंगर और परिवार के दूसरे सदस्यों के साथ अपनी संवेदनाएं शेयर करते हुए, विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवान ने कहा कि सेवा सिंह भट्टी ने पंजाब पुलिस डिपार्टमेंट की ईमानदारी और लगन से सेवा की और हमेशा अपने डिपार्टमेंट के प्रति ईमानदारी को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि सेवा सिंह भट्टी का हमेशा के लिए चले जाना परिवार के लिए एक ऐसा नुकसान है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। उन्होंने प्रार्थना की कि भगवान ऐसी आत्मा को अपने चरणों में शांति दें और परिवार को यह दुख सहने की ताकत दें। इस दौरान एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, पूर्व अध्यक्ष प्रो. किरपाल सिंह बडूंगर, सुरजीत सिंह रखड़ा, डिप्टी मेयर जगदीप सिंह जग्गा सहित प्रो. प्रेम सिंह चंदूमाजरा, रणधीर सिंह रखड़ा, जगतार सिंह राजला, इंदरमोहन सिंह बजाज, अमित राठी, अमरिंदर सिंह बजाज, तेजिंदरपाल सिंह संधू, लखवीर सिंह लोट, जरनैल सिंह करतारपुर, एसजीपीसी के एडिशनल सेक्रेटरी भगवंत सिंह धंगेरा, मैनेजर भाग सिंह, मैनेजर गुरदीप सिंह कंग श्री फतेहगढ़ साहिब, सरपंच भरपूर सिंह भूरा, पूर्व पुलिस अधिकारियों के अलावा कमांडेंट हरदीप सिंह बडूंगर, डीएसपी इंदरवीर सिंह बडूंगर, शमशेर सिंह बडूंगर आदि मौजूद थे।

## साइक्लोन से हुए नुकसान के बाद हलवारा एयरपोर्ट का इंफ्रास्ट्रक्चर पूरी तरह से ठीक हो गया

### सेफ्टी नॉर्म्स के हिसाब से हलवारा एयरपोर्ट के सभी रिपेयर का काम पूरा हो गया

जीत समाचार लुधियाना।डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन के एडिशनल डिप्टी कमिश्नर जगराओं मंजीत सिंह चीमा को दिए गए निर्देशों के मुताबिक, हाल ही में आए साइक्लोन के बाद हलवारा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सभी रिपेयर और मेंटेनेंस का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। खराब मौसम की वजह से एयरपोर्ट के कुछ हिस्सों को हुए नुकसान की तुरंत पहचान करते हुए, संबंधित डिपार्टमेंट और एजेंसियों ने आपस में को ऑर्डिनेट करके रिपेयर का काम समय पर पूरा कर लिया है। इसके साथ ही, एयरपोर्ट के सभी जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर को पूरी तरह से काम करने लायक और सुरक्षित हालत में वापस ला दिया गया है।

रेस्टोरेशन के दौरान, खराब स्ट्रक्चर की रिपेयर, सेफ्टी नॉर्म्स का वेरिफिकेशन, जरूरी टेक्निकल इंस्पेक्शन और दूसरे जरूरी मेंटेनेंस के काम तय समय में पूरे किए गए। संबंधित डिपार्टमेंट ने यह पक्का किया कि एयरपोर्ट का हर जरूरी हिस्सा तय सेफ्टी और ऑपरेशनल पैरामीटर्स के हिसाब से पूरी तरह तैयार हो, ताकि हवाई सेवाओं के ऑपरेशन में कोई रुकावट न आए।

डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन, लुधियाना ने रेस्टोरेशन के कामों पर लगातार नजर रखी और सभी लागू करने वाली एजेंसियों के साथ करीबी कोऑर्डिनेशन बनाए रखा।



एडमिनिस्ट्रेशन ने समय-समय पर कामों का रिव्यू किया, जिससे रिपेयर प्रोसेस तेजी से पूरा हो सका। सभी काम तय क्वालिटी स्टैंडर्ड और सेफ्टी प्रोटोकॉल के हिसाब से पूरे किए गए हैं।

हलवारा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पंजाब में इंडस्ट्री, ट्रेड और इकोनहमिक डेवलपमेंट के लिए एक जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर है, साथ ही यह रीजनल एयर कनेक्टिविटी को भी मजबूत करता है। एयरपोर्ट के पूरी तरह से ठीक होने से पैसेंजर्स को सुरक्षित, आसान और अच्छी एयर सर्विस देने का रास्ता और मजबूत हुआ है।डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने कहा कि भविष्य में भी, किसी भी इमरजेंसी या खराब मौसम की स्थिति से असरदार तरीके से निपटने के लिए सभी संबंधित डिपार्टमेंट्स के बीच कोऑर्डिनेशन और तैयारी को और मजबूत किया जाएगा। एडमिनिस्ट्रेशन पैसेंजर सेफ्टी, एयरपोर्ट का आसान परफहर्मेंस और हाई क्वालिटी सर्विस पक्का करने के लिए पूरी तरह से कमिटेड है।

## विधायक शैरी कलसी ने 8.64 एकड़ में फैले पार्कों, वाटर सप्लाई, सीवरेज और सड़कों के विकास कार्यों का नींव पत्थर रखा

जीत समाचार बटाला। पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष और विधायक शैरी कलसी ने बटाला शहर में लोगों के हित में किए जा रहे विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए नगर सुधार ट्रस्ट बटाला द्वारा **8.64** एकड़ में फैले पार्कों, वाटर सप्लाई, सीवरेज और सड़कों के विकास कार्यों का नींव पत्थर रखा। इस मौके पर चेयरमैन यशपाल चौहान, सीनियर लीडर मैनेजर अतर सिंह, अध्यक्ष विजय सोनी, अध्यक्ष वीनू काहलों, मनजीत सिंह बुमराह, अमरीक सिंह लंबरदार, जगजीत सिंह, सूबेदार बलजिंदर सिंह और अन्य शहर निवासी मौजूद थे। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए विधायक शैरी कलसी ने कहा कि पिछले छह सालों से बटाला शहर के सर्वपक्षीय विकास के लिए प्रयास किए



जा रहे हैं और बटाला निवासियों के लाभ के लिए लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह हमेशा बटाला के लोगों के सार्वजनिक हित में अधिक से अधिक काम करने की कोशिश करते हैं। जिसके चलते बटाला शहर में ट्रैफिक को आसान बनाने के लिए, खासकर गांधी चौक और कादियां चुंगी पर ट्रैफिक लाइट लगाने का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है, ताकि लोगों को ट्रैफिक के दौरान कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक लाइट के साथ-साथ इन चौकों पर ट्रैफिक नियमों का पालन पक्का करने के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। डस शेरी कलसी ने कहा कि वह बटाला शहर को साफ और सुंदर रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और शहर में कूड़े की समस्या को हल करने के लिए बटाला नगर निगम हाउस की पहली मीटिंग में ही प्रस्ताव पास किया जाएगा। डस शेरी कलसी ने कहा कि बटाला शहर में लगातार विकास का काम चल रहा है और लोगों की सुविधा के लिए शहर के हर वार्ड में विकास का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए बने पार्षद वार्डों में लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और उनका हल निकाल रहे हैं।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की



# 133 इको टास्क फोर्स की ब्रावो कंपनी ने स्कूली छात्रों के साथ सलोट में किया पौधरोपण



जीत समाचार मंडी(ब्यूरों)। वन महोत्सव सप्ताह के अवसर पर 133 इको टास्क फोर्स की ब्रावो कंपनी, जालोगी द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सलोट में पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के अंग्रेजी प्रवक्ता मनीष ठाकुर, सुरक्षा शिक्षक योगेश कुमार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस वन महोत्सव सप्ताह अभियान के दौरान विभिन्न प्रजातियों के लगभग 2500 पौधे रोपित किए जा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य पौधरोपण के साथ ही स्कूली छात्रों को हरित आवरण को संरक्षित एवं संवर्द्धित करते हुए पर्यावरण अनुकूल भविष्य के लिए प्रोत्साहित करना भी है।

कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण के अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता व्याख्यान तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति सामूहिक सहभागिता का संदेश भी दिया गया।

लेफ्टिनेंट कर्नल लखविंदर ने बताया कि यह पहल प्रादेशिक सेना की पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक पुनर्स्थापन तथा भावी पीढ़ी में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# कंवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में एनएसएस स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया



जीत समाचार जयसिंहपुर(अभिषेक न्यूज एडिटर)। स्थानीय कंवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवकों को उनके उत्कृष्ट योगदान एवं विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

**अनुशासन और सेवा-भाव पर जोर**

कार्यक्रम में एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. हरजिंदर सिंह और डॉ. शिवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने स्वयंसेवकों के अनुशासन और सेवा-भाव की सराहना करते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक संवेदनशीलता विकसित करने का एक सशक्त मंच है। उन्होंने छात्रों को समाज और राष्ट्र निर्माण में इसी प्रकार निरंतर अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

**प्राचार्य ने दी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं**

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों के उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे ही जनहित के कार्यों में सक्रिय रहने का आह्वान किया।

**विद्यार्थियों ने लिया संकल्प**

प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्रशासन और एनएसएस इकाई के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी सामाजिक कार्यों और जनहित से जुड़ी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।

# टांडा मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर जोर: स्वास्थ्य मंत्री शांडिल ने की रोगी कल्याण समिति की बैठक



जीत समाचार शिमला। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने शुक्रवार को शिमला से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, टांडा की 'रोगी कल्याण समिति' की गवर्निंग बॉडी की बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक के मुख्य बिंदु:

- प्रदर्शन की समीक्षा : बैठक में पिछले तीन वित्तीय वर्षों की उपलब्धियों और कॉलेज के कामकाज का विस्तार से जायजा लिया गया।
- सुदृढ़ स्वास्थ्य सेवाएं : मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर और सुदृढ़ बनाना है।
- स्वास्थ्य का कायाकल्प : कर्नल शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के कायाकल्प के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले साढ़े तीन वर्षों में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मरीजों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करें ताकि आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके।

# शाहपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 6 ग्राम चिट्टा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



जीत समाचार कांगड़ा/शाहपुर(ब्यूरों)। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के शाहपुर में पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो युवकों को 6 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

**मामला दर्ज, जांच जारी :** प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाहपुर पुलिस की टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान संदेह के आधार पर जब दो युवकों की तलाशी ली गई, तो उनके पास से 6 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने नशीला पदार्थ कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**नशा नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिस :** पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि पकड़े गए आरोपी यह खेप कहाँ से लाए थे और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इन आरोपियों का संबंध किसी बड़े नशा तस्करी नेटवर्क से तो नहीं है। शाहपुर पुलिस के अनुसार, नशे के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

## संधोल में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण शिविर आयोजित




जीत समाचार धर्मपुर(ब्यूरो)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को संधोल में प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 110 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय को सुदृढ़ करना तथा अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं की क्षमता का विकास करना था।

कार्यक्रम में पुलिस थाना संधोल के उप निरीक्षक संजीव जमवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अर्चना, वंदना एवं अंजना विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

बाल विकास परियोजना अधिकारी, धर्मपुर की ओर से पर्यवेक्षक पूरण चंद ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान पर विस्तृत जानकारी दी और बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

शिविर में विशेषज्ञों ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान, लैंगिक समानता एवं जेंडर संवेदनशीलता, बालिका स्वास्थ्य एवं पोषण, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा , बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार, सामुदायिक जागरूकता, व्यवहार परिवर्तन तथा विभागीय अभिसरण जैसे विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों और सामुदायिक सहभागिता पर विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्त मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, किशोरियों में एनीमिया की रोकथाम, संतुलित पोषण, टीकाकरण तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

## जयसिंहपुर-बैजनाथ की जनता की अनदेखी पर फूटा गुस्सा: आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास ने सड़क निर्माण के लिए सरकार को दी आर-पार की चेतावनी

### विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर और बैजनाथ को मिलाने वाली पंचायत कैलाशपुर के गांव बल्ह की सड़क को किया जाए पक्का - काली दास








जीत समाचार जयसिंहपुर/बैजनाथ(अभिषेक न्यूज एडिटर)। विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर और बैजनाथ को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण 'कैलाशपुर वाया वल्ह' सड़क की बदहाली को लेकर अब राजनीति गरमा गई है। जनता की भारी मांग पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास कोली ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ मौके का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ उपाध्यक्ष प्रीतम मेहरा, संयुक्त सचिव करम सिंह और विरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

**बरसात में कट जाता है संपर्क, ग्रामीणों का जीना दुश्वार**

दौरे के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने आप नेताओं को अपनी व्यथा सुनाई। लोगों ने बताया कि बैजनाथ की ओर सड़क का निर्माण, डंगे और नालियों का काम पूरा हो चुका है, लेकिन जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की ओर सड़क आज भी कच्ची पड़ी है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर डंगे और नालियां न होने के कारण बरसात के दिनों में रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है।

**15 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाने को मजबूर ग्रामीण**

सड़क की खस्ताहाली के कारण ग्रामीणों को इलाज, शिक्षा और दैनिक कार्यों के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बैजनाथ के गांव लांघू गदियाड़ा जाने के लिए उन्हें अंदरेटा होते हुए 15 किलोमीटर लंबा चक्कर काटना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्थानीय विधायक व मंत्री ने चुनाव जीतने के बाद सुध तक नहीं ली। जब ग्रामीण अपनी समस्या लेकर जाते हैं, तो उन्हें केवल 'बजट न होने' का हवाला दिया जाता है। लोगों का स्पष्ट कहना है कि केवल बस सेवा की घोषणा से समस्या हल नहीं होगी, जब तक सड़क पक्की नहीं होगी और डंगे-नालियां नहीं बनेंगे, तब तक बस का चलना संभव नहीं है।

**सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी**

आम आदमी पार्टी ने हिमाचल प्रदेश सरकार, लोक निर्माण विभाग और स्थानीय विधायक एवं मंत्री यादविंद्र गोमा से मांग की है कि कैलाशपुर के ग्रामीणों की इस समस्या का अविलंब समाधान किया जाए। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास कोली ने स्पष्ट किया कि यदि सड़क निर्माण का कार्य जल्द शुरू नहीं हुआ, तो आम आदमी पार्टी ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़कों पर उतरेगी और कड़ा संघर्ष व धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

## मुख्यमंत्री को धमकी देने वाला गिरफ्तार: सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो डालना पड़ा भारी, चार दिन की पुलिस रिमांड

जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरो रिपोर्ट)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में हमीरपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे अदालत में पेश करने के बाद चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

**क्या है पूरा मामला? :** मिली जानकारी के अनुसार, शिवनगर निवासी विश्व शामा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में मुख्यमंत्री के लिए न केवल अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया गया, बल्कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। साथ ही, वीडियो में एक विशेष समुदाय के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां करने का भी आरोप है, जिससे क्षेत्र में रोष व्याप्त था।

**डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर दबोचा आरोपी :** शिकायत मिलने के बाद हमीरपुर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और त्वरित तकनीकी जांच शुरू की। डिजिटल साक्ष्यों को खंगालने के बाद पुलिस ने आरोपी की पहचान की और भोटा पुलिस चौकी में पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।

**क्या बोले एसपी?:** हमीरपुर के एसपी बलवीर सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा, ''रिमांड के दौरान इस बात की गहन जांच की जाएगी कि यह वीडियो किस उद्देश्य से बनाया गया था, इसे किन-किन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया गया और क्या इस साजिश में किसी अन्य व्यक्ति की भी भूमिका है।'

**सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर पुलिस की सख्त चेतावनी :** पुलिस प्रशासन ने आमजन और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को स्पष्ट चेतावनी दी है कि किसी भी जनप्रतिनिधि, व्यक्ति या समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री फैलाना एक गंभीर कानूनी अपराध है। पुलिस ने साफ किया है कि साइबर स्पेस का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह की सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।